Topic: Puzzles and Miscellaneous
Time: 15min
Paper-Maker Monika Awasthi

Direction (1-5): **दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

नौ व्यक्ति एक पंक्ति में या तो उत्तर की ओर या दक्षिण की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं। वे विभिन्न रंग अर्थात् हरा, नीला और लाल पसंद करते हैं। वे तीन व्यक्तियों के एक समूह में एक-दूसरे के आसन्न बैठे हैं और प्रत्येक एक-दूसरे से विभिन्न रंग पसंद करते हैं। कोई दो व्यक्ति, जो समान रंग पसंद करते हैं, एक-साथ नहीं बैठे हैं। समान दिशा की ओर उन्मुख दो से अधिक व्यक्ति एक साथ नहीं बैठे हैं। D उन व्यक्तियों में से एक है और H की पसंद वाले रंग को पसंद नहीं करता है। H और I के मध्य तीन से अधिक व्यक्ति बैठे हैं। F पंक्ति के ठीक मध्य में बैठा है। H, F के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है और हरा रंग पसंद करता है। H के पड़ोसी में से एक A है, जो लाल रंग पसंद करता है। E और B के मध्य में बैठे व्यक्तियों की संख्या, B और I के मध्य बैठे व्यक्तियों की संख्या के समान है। नीला रंग पसंद करने वाले सभी व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर उन्मुख हैं केवल उस व्यक्ति को छोड़कर जो F के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। H और I विपरीत दिशा की ओर उन्मुख हैं। H और C, जो दक्षिण की ओर उन्मुख है, के मध्य एक व्यक्ति बैठा है। लाल रंग पसंद करने वाले सभी व्यक्ति उत्तर की ओर उन्मुख हैं। I नीला या लाल रंग पसंद नहीं करता है। E नीला रंग पसंद करता है।

Q1. निम्नलिखित में से कौन हरा रंग पसंद करता है?
(a) E
(b) F
(c) C
(d) B
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2

QTags Linear seating arrangement

Q2. निम्नलिखित में से A के बाएं स्थान पर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(a) दो
(b) एक
(c) तीन
(d) चार
(e) कोई नहीं
L1Difficulty 2

QTags Linear seating arrangement

Q3. F और I के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(a) दो
(b) एक
(c) तीन
(d) चार
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2

QTags Linear seating arrangement

Q4. E के सन्दर्भ में कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
(a) E नीला रंग पसंद करता है
(b) E के दोनों पड़ोसी हरा रंग पसंद करते हैं
(c) E और B के मध्य दो व्यक्ति बैठे हैं
(d) D, E के अगले स्थान पर बैठा है
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2

QTags Linear seating arrangement

Q5. निम्नलिखित पाँच में से चार एक समूह से सम्बंधित हैं, ज्ञात कीजिए कि कौन उस समूह से सम्बंधित नहीं है?
(a) E

(b) F
(c) B
(d) C
(e) I
L1Difficulty 2

QTags Linear seating arrangement

Direction (6-8): **दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
T, D की बहन है। D, P से विवाहित है। P, M का पुत्र है। T, J की माता है। Y, U का पिता है। Y के केवल एक पुत्र और एक पुत्री है। U, T की पुत्री है। Q, D का पुत्र है।

Q6. P, T से किस प्रकार सम्बंधित है?
(a) भाई
(b) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(c) ब्रदर-इन-लॉ
(d) कजिन ब्रदर
(e) अंकल
L1Difficulty 2

QTags Blood Relation

Q7. J, D से किस प्रकार सम्बंधित है?
(a) पुत्र
(b) नीस
(c) दामाद
(d) नेफ्यू
(e) पुत्री
L1Difficulty 2

QTags Blood Relation

Q8. Q, M से किस प्रकार सम्बंधित है?

(a) दामाद

(b) ग्रैंडसन

(c) नेफ्यू

(d) पुत्र

(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

L1Difficulty 2

QTags Blood Relation

Directions (9-13): **दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**आठ व्यक्ति** P, Q, R, S, T, U, V और W एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर एक-दूसरे के मध्य समान दूरी पर बैठे हैं लेकिन आवश्यक नहीं कि सभी समान क्रम में हों। उनमें से कुछ केंद्र की ओर जबकि कुछ बाहर की ओर (अर्थात् केंद्र से विपरीत) उन्मुख हैं।

वे सभी चार विभिन्न जगह अर्थात् ईस्ट कॉस्ट, वेस्ट कॉस्ट, नॉर्थ वेलिंगटन और साउथ अफ्रीका से सम्बंधित हैं और प्रत्येक स्थान से दो व्यक्ति सम्बंधित हैं।

**नोट:** समान दिशा का अर्थ है कि यदि एक व्यक्ति केंद्र की ओर उन्मुख है तो अन्य व्यक्ति भी केंद्र की ओर उन्मुख है और इसके विपरीत। विपरीत दिशा का अर्थ है कि यदि एक व्यक्ति केंद्र की ओर उन्मुख है तो अन्य व्यक्ति बाहर की ओर उन्मुख है और इसके विपरीत।

R, W के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है, W, जो साउथ अफ्रीका से सम्बंधित है और दोनों समान दिशा की ओर उन्मुख हैं। T, V के बाएं से चौथे स्थान पर बैठा है और दोनों विपरीत दिशाओं की ओर उन्मुख हैं, लेकिन वे समान जगह से सम्बंधित है। R और Q समान दिशा की ओर उन्मुख नहीं हैं लेकिन R, T का निकटतम पड़ोसी है। U, R के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। S केंद्र की ओर उन्मुख नहीं हैं और नॉर्थ वेलिंगटन से सम्बंधित है। U के ठीक बाएं स्थान पर बैठा व्यक्ति केंद्र की ओर उन्मुख नहीं है। T के निकटतम पड़ोसी केंद्र की ओर उन्मुख हैं। ईस्ट कॉस्ट से सम्बंधित व्यक्ति एक-दूसरे के आसन्न बैठे हैं, लेकिन विपरीत दिशा की ओर उन्मुख हैं। वेस्ट कॉस्ट से सम्बंधित व्यक्ति एक-दूसरे के विपरीत बैठे हैं। S और U, W के निकटतम पड़ोसी हैं। साउथ अफ्रीका से सम्बंधित व्यक्तियों में से एक, नॉर्थ वेलिंगटन से

सम्बंधित व्यक्तियों का एक निकटतम पड़ोसी है। V, Q के ठीक दाएं स्थान पर बैठा है, Q, जो ईस्ट कॉस्ट से सम्बंधित है।

Q9. निम्नलिखित में से कौन साउथ अफ्रीका से सम्बंधित है?
(a) T, V
(b) R, W
(c) U, P
(d) S, W
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2

QTags Circular seating arrangement

Q10. व्यवस्था में, कितने व्यक्ति केंद्र की ओर उन्मुख हैं?
(a) पाँच
(b) दो
(c) तीन
(d) चार
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2

QTags Circular seating arrangement

Q11. निम्नलिखित में से P के सन्दर्भ में कौन-सा कथन सत्य है?
(a) P, R और वेस्ट कॉस्ट से सम्बंधित व्यक्ति का निकटतम पड़ोसी है
(b) P के दोनों निकटतम पड़ोसी केंद्र की ओर उन्मुख हैं
(c) P उस व्यक्ति के दाएं से तीसरे स्थान पर है जो नॉर्थ वेलिंगटन से सम्बंधित है
(d) दिया गया कोई भी कथन सत्य नहीं है
(e) P, W के विपरीत बैठा है, W, जो साउथ अफ्रीका से सम्बंधित है
L1Difficulty 2

QTags Circular seating arrangement

Q12. निम्नलिखित में से कौन W के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है?
(a) V, जो साउथ अफ्रीका से सम्बंधित है
(b) Q, जो ईस्ट कॉस्ट से सम्बंधित है
(c) T, जो वेस्ट कॉस्ट से सम्बंधित है
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2

QTags Circular seating arrangement

Q13. निम्नलिखित पाँच में से चार एक निश्चित रूप से एक जैसे हैं और एक समूह का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन उस समूह से सम्बंधित नहीं हैं?
(a) U, W
(b) T, S
(c) R, P
(d) Q, S
(e) W, Q
L1Difficulty 2

QTags Circular seating arrangement

Directions (14-15): प्रत्येक प्रश्नों में तीन कथन और उन पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है भलें ही वह सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हो। निष्कर्षों का पढ़िए और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में कौन-सा दिए गए कथनों का अनुसरण नहीं करता है।

Q14. **कथन:** केवल कुछ फ्लोर सर्किल हैं
केवल कुछ सर्किल रो हैं
सभी रो मिक्स हैं

**निष्कर्ष:** I. कुछ फ्लोर मिक्स हो सकते हैं
II. कुछ मिक्स सर्किल हो सकते हैं
III. कुछ मिक्स फ्लोर है

(a) केवल I और II
(b) केवल II और III

(c) केवल III

(d) सभी अनुसरण करते हैं

(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 2
QTags Syllogism

Q15. **कथन:** केवल कुछ पेन पेपर हैं

कोई पेपर पेंट नहीं हैं

केवल कुछ पेपर गोल्ड हैं

**निष्कर्ष:** I. सभी गोल्ड पेपर हो सकते हैं

II. कुछ पेंट पेन हो सकते हैं

III. सभी गोल्ड पेपर हो सकते हैं

(a) केवल I और II

(b) केवल II और III

(c) केवल III


(d) सभी अनुसरण करते हैं

(e) कोई अनुसरण नहीं करता है

L1Difficulty 2
QTags Syllogism


Solutions

Solutions (1-5):
Sol.





S1.Ans(c)
S2.Ans(e)
S3.Ans(c)
S4.Ans(d)
S5.Ans(d)

Solutions (6-8):
Sol.





S6.Ans.(c)
S7.Ans.(d)
S8.Ans.(b)

Solutions (9-13):
Sol.





S9. Ans.(b)
S10. Ans.(a)
S11. Ans.(e)
S12. Ans.(b)
S13. Ans.(e)

**Solutions (14-15):**
S14.Ans. (c)
Sol.




S15.Ans.(c)
Sol.


gold
pens
papers
paints